nt>

Title: Need for doubling the rail track on Chhapra-Gonda route and electrification of railway line between Chhapra and Barabanki.

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तरी बिहार और उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश को देश की राजधानी तथा पश्चिमोत्तर भारत से जोड़ने वाली सबसे बड़ी रेलवे की कड़ी है। इसके अधिकांश क्षेत्रों में न तो दोहरी लाइन है और न ही इन लाइनों का विद्युतीकरण हुआ है। हमारी भारत सरकार से मांग है कि छपरा से गोंडा तक रेल लाइन दोहरी की जाये। साथ ही साथ छपरा से बाराबंकी तक इन लाइनों को

विद्युत कनेक्शन से जोड़ा जाए तभी इन क्षेत्रों का विकास संभव है।